COVID-19 के लिए वैक्सीन लगवाना

Vaccinate WA
CovidVaccineWA.org

महामारी से लड़ना मुश्किल रहा है, लेकिन अब हमारे पास COVID-19 से बचाव करने के लिए वैक्सीन हैं।

आपको यह वैक्सीन मुफ्त में दी जाएगी।

संघीय सरकार आपके वैक्सीन का खर्च उठाएगी। वैक्सीन देने के लिए प्रदाता आपसे शुल्क ले सकते हैं, लेकिन वह संभवत: स्वास्थ्य बीमा के अंतर्गत कवर हो जाएगा। यदि आप यह खर्च नहीं उठा सकते तो प्रदाता शुल्क को माफ करेंगे।

आपको कितने डोज़ चाहिए होंगे।

आपको कौन सा टीका मिला है, इस आधार पर आपको 1 से 3 खुराक की ज़रूरत हो सकती है। आपको या आपके बच्चे को कितनी खुराक की ज़रूरत हो सकती है, इसके बारे में अपने चिकित्सा प्रदाता से परामर्श करें। प्राथमिक सीरीज़ को पूरा करने के 2-6 महीने बाद आपको या आपके बच्चे को बूस्टर खुराक की भी ज़रूरत हो सकती है।

वैक्सीन सुरक्षित और प्रभावी हैं।

सभी टीके या तो पूरी तरह से अनुमोदित हैं या फिर किसी आपातकालीन स्थिति में उपयोग किए जाने के लिए U.S. Food and Drug Administration (FDA, अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन) द्वारा अधिकृत है – इसका मतलब है कि FDA को कोई गंभीर सुरक्षा संबंधी चिंताएं नहीं पाई गई.

6 महीने और उससे अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति टीका लगवा सकता है।

COVID-19 वैक्सीन 6 महीने और उससे अधिक उम्र के सभी लोगों के लिए उपलब्ध है। एक अपॉइंटमेंट लेने और समय तय करने के लिए VaccineLocator.doh.wa.gov पर जाएं। आप 1-800-525-0127 पर भी कॉल करके # दबा सकते हैं। दुभाषी सेवाओं के लिए, कॉल का जवाब मिलने पर अपनी भाषा कहें।

आपको इसके साइड इफेक्ट्स महसूस हो सकते हैं।

अन्य वैक्सीनों की तरह यह वैक्सीन लगने के बाद आपको बांह में दर्द, बुखार, सिरदर्द या थकान हो सकती है। ये संकेत हैं कि वैक्सीन काम कर रहा है।

सुरक्षित रहें।

वैक्सीन लगवाने के बाद अपना मास्क पहनें, छ: फीट (दो मीटर) की दूरी बनाये रखें सभाओं या समारोहों में भीड़ कम रखें।

COVID-19 के लिए वैक्सीन लगवाना

कौन से वैक्सीन उपलब्ध हैं?

4 वैक्सीन उपलब्ध हैं - Pfizer, Moderna, Novavax और Johnson & Johnson.

सभी आपातकालीन उपयोग के लिए FDA द्वारा प्रमाणित किया गया है। Advisory Committee for Immunization Practices (टीकाकरण प्रथाओं की सलाहकार समिति) के चिकित्सा विशेषज्ञों और Western States Scientific Safety Review Workgroup (पश्चिमी राज्यों के वैज्ञानिक सुरक्षा समीक्षा कार्यसमूह) ने पुष्टि की है कि वैक्सीन सुरक्षा के हमारे मापदंडों को पूरा करते हैं।

COVID-19 वैक्सीन किसे लगवाना चाहिए?

वैक्सीन लगवाना आपकी इच्छा पर निर्भर है। अगर आप इसे लगवाने का निर्णय लेते हैं तो आपको अपने वैक्सीन प्रदाता को बताना चाहिए यदि:

- आपको गंभीर एलर्जी क इतिहास है
- आपको बुखार है
- आपको ब्लीडिंग डिसऑर्डर है या आप ब्लड थिनर लेते हैं
- आप इम्युनोकॉम्प्रोमाइज्ड हैं या ऐसी दवा लेते हैं जो आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को प्रभावित करती है
- आप गर्भवती हैं, गर्भवती होने की योजना बना रही हैं, या स्तनपान करा रही हैं
- आपने दूसरा COVID-19 वैक्सीन लगवाया है

यदि आपको COVID-19 वैक्सीन के पिछले डोस से या वैक्सीन के किसी भी घटक से गंभीर एलर्जी हुई हो तो आपको वैक्सीन नहीं लगवाना चाहिए।

टीकों में वसा, लवण और शर्करा के साथ सक्रिय तत्व होते हैं जो टीके की रक्षा करते हैं और शरीर में इसे बेहतर ढंग से काम करने में मदद करते हैं।

Pfizer-BioNTech या Moderna वैक्सीन लेने के लिए आपकी उम्र कम से कम 6 महीने होनी चाहिए, Novavax वैक्सीन लेने के लिए 12 साल या उससे अधिक, और Johnson & Johnson वैक्सीन लेने के लिए आपको 18 साल या उससे अधिक उम्र का होना चाहिए।

इसके क्या साइड इफेक्ट्स हैं?

वैक्सीन लगने के एक या तीन दिन बाद साइड इफेक्ट्स होना आम बात है। सामान्य साइड इफेक्ट्स में थकावट, मांसपेशियों में दर्द, बांह के उस हिस्से में दर्द जहां आपको वैक्सीन लगाया गया, बुखार, सिरदर्द, जोड़ों में दर्द, ठंड लगना, मतली या उल्टी होना शामिल हैं। यदि आपके लक्षण दूर नहीं होते हैं, तो अपने डॉक्टर या क्लिनिक से संपर्क करें।

वैक्सीन साइट छोड़ने से 15 से 30 मिनट पहले आपको इंतजार करना चाहिए ताकि यदि आपको एलर्जी या अन्य साइड इफेक्ट्स होते हैं तो आपके वैक्सीन प्रदाता आपकी मदद कर सकें। इन्तजार करते समय आप साइड इफेक्ट्स रिपोर्ट करने के लिए v-safe के लिए साइन अप कर सकते हैं: vsafe.cdc.gov (केवल अंग्रेजी में)।

आप या आपके वैक्सीन प्रदाता Vaccine Adverse Event Reporting System (VAERS, वैक्सीन प्रतिकूल घटना रिपोर्टिंग प्रणाली) को भी साइड इफेक्ट रिपोर्ट कर सकते हैं: vaers.hhs.gov/reportevent.html (केवल अंग्रेजी में)।

क्लिनिक से निकलने के बाद अगर आपको एलर्जी हो तो 911 पर कॉल करें। एलर्जी के संकेतों में शामिल हैं: साँस लेने में कठिनाई, आपके चेहरे और गले में सूजन, तेज़ धड़कन, आपके पूरे शरीर पर बुरी तरह से रैश आना, चक्कर आना और कमजोरी।

वैक्सीन लगवाने के बाद क्या होता है?

अगर आपको या आपके बच्चे को 2 या 3 खुराक का टीका लग गया है, तो अपनी अगली खुराक(कों) के लिए अपॉइंटमेंट लें। अपनी अगली खुराक लेने के लिए आपको 3-8 हफ़्ते में वापस आना होगा। वैक्सीन शेड्यूल के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया doh.wa.gov/covidbooster पर जाएं।

पूर्ण सुरक्षा के लिए आपके पूरे टीकाकरण के बाद दो हफ्तों तक का समय लगेगा। आपकी सुरक्षा को बनाए रखने के लिए दो से छह महीनों में बूस्टर खुराक लेने की भी सिफारिश की जाती है।

Washington State Department of Health

DOH 348-782 December 2022 Hindi

किसी दूसरे फॉर्मेट में यह डॉक्यूमेंट पाने के लिए, 1-800-525-0127 पर कॉल करें। बहरे या कम सुनने वाले ग्राहक, कृपया 711 (Washington Relay) पर कॉल करें या civil.rights@doh.wa.gov पर ईमेल करें।